हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–130 : जौनपुर, शनिवार 09 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## भाजपा का आम चुनाव में 50 फीसदी से अधिक वोट का लक्ष्य : पहला रोडमैप तैयार

लखनऊ ब्यूरो : लोकसभा चुनाव–2024 में मिशन 75 के तहत भाजपा तैयारियों में जुट गई है। पहले चरण में पार्टी 1 लाख 73 हजार से अधिक मतदान बूथों को सशक्त करेगी। पन्ना प्रमुखों की व्यवस्था दुरुस्त बनाएगी। पार्टी राजनीतिक, सामाजिक व राष्ट्रीयता से जुड़े कार्यक्रमों के जरिये जनता के बीच जाकर मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियां बताएगी। साथ ही सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को जोड़कर 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह की अध्यक्षता में राजधानी स्थित प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों की शुक्रवार को बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के पहले चरण का रोडमैप तैयार किया गया। भाजपा ने प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 75 जीतकर लगातार तीसरी बार यूपी के जरिये केंद्र की सत्ता पर काबिज होने की योजना बनाई है। प्रदेश भाजपा ने केंद्रीय नेतृत्व से मिले एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए यह योजना बनाई है। पार्टी के महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने बैठक में बताया कि प्रदेश के 1.73 लाख से अधिक बूथों को ए, बी, सी और डी श्रेणी में बांटा गया है। इनमें से करीब 40 हजार बूथ मुस्लिम बहुल हैं। करीब 22 हजार बूथ ऐसे हैं जहां 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा कमजोर रही। सभी सांसदों, विधानसभा क्षेत्र संयोजकों के साथ प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारियों को इन बूथों के क्षेत्र में लगातार प्रवास कर इन्हें सशक्त बनाना होगा। बूथों पर पार्टी के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जोड़ने के साथ लाभार्थियों से लगातार संपर्क कर उन्हें पार्टी से मजबूती के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 लोकसभा सीट अभी सपा, बसपा और कांग्रेस के पास है। इन क्षेत्रों के चार क्लस्टर बनाकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जितेंद्र सिंह और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा को इनका प्रभारी बनाया गया है। मैनपुरी और रायबरेली को छोड़कर शेष 12 सीटों पर भाजपा चुनाव जीत चुकी है। इसलिए पार्टी ने अभी से मेहनत शुरू ही है ताकि 2024 में फिर वहां



कमल खिलाया जा सके। 20 जुलाई तक जिला बैठकें, 15 अगस्त तक प्रशिक्षण भाजपा ने सभी जिलाध्यक्षों को जिला कार्यसमिति की बैठक 15 जुलाई तक करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पदाधिकारियों के साथ जिला प्रभारी, जिला संयोजक, विधानसभा क्षेत्र संयोजक, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और अग्रिम मोर्चों के जिलाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। वहीं पार्टी ने अपने सभी मोर्चों के प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य दिया है। मन की बात को हल्के में न लें बंसल ने कहा कि कुछ पदाधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपनी गाड़ी या घर पर मन की बात सुनते हुए फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। जबकि मन की बात कार्यक्रम किसी ना किसी बूथ या शक्ति केंद्र पर जाकर कार्यकर्ताओं और जनता के बीच ही सुनना है।तेलंगाना का प्रयोग यूपी में दोहराएंगे महामंत्री संगठन ने कहा कि तेलंगाना में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने हर बूथ से एक–एक हजार रुपये का चंदा कर राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक कराई है। 119 विधानसभा क्षेत्रों की बैठकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन लाख लोगों की रैली कराई है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयोग यूपी में भी किया जाएगा। हर घर तिरंगा फहराया जाएगा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 15 अगस्त 2022 को भाजपा हर घर तिरंगा फहराएगी। 13 अगस्त तक सभी जिलों, मंडल और शक्ति केंद्रों तक पर्याप्त संख्या में तिरंगे झंडे पहुंचाए जाएंगे। हर घर पार्टी के दो–दो लोग जाकर तिरंगा लगाएंगे। मोदी एट 20 को जनता के बीच लेकर जाएंगे बैठक में तय किया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के एक मात्र ऐसे नेता हैं जो लगातार 20 वर्ष से गुजरात के मुख्यमंत्री के बाद देश के प्रधानमंत्री है। मोदी पर एक लिखी गई किताब मोदी एट 20 को सभी पदाधिकारी पढ़ेंगे। किताब को पढ़कर संगठनात्मक कार्यक्रम के जरिये जनता के बीच जाकर जनता को बताएंगे कि किस तरह मोदी ने मुख्यमंत्री रहते गुजरात और प्रधानमंत्री रहते देश को बुलंदियों पर पहुंचाया है। हर जिले में इसके लिए दो कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें 500–500 गैर भाजपाई प्रबुद्ध लोगों को बुलाया जाएगा। उच्च शिक्षण संस्थाओं में भी इसके कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के लिए एक वक्ता प्रदेश स्तर से भेजे जाएंगे। एक वक्ता स्थानीय स्तर पर समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति को चुना जाएगा।

## थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने दो शातिर अभियुक्त किशन यादव व सत्येन्द्र यादव को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध सघन अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी केराकत के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर मय टीम द्वारा आज दिनांक 09.07.2022 को गोपनीय सूत्र की सूचना पर एकौना रेलवे अण्डर पास से दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया । उनके पास चोरी की मोटर साइकिल, दो नाजायज तमंचा .315 बोर व .32 बोर मय एक एक जिंदा कारतूस सहित व दोनों अभियुक्तगण के पास से क्रमशः 50 ग्राम व 45 ग्राम नशीला पदार्थ डायजापाम बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण – 1. किशन यादव पुत्र समरबहादुर यादव नि0 ग्राम गजना थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 2. सत्येन्द्र यादव पुत्र हरिराम यादव नि0 ग्राम सोसापट्टी थाना केराकत, जौनपुर। बरामदगी– 1. चोरी की मो0सा0 होण्डा योगा, 2. दो नाजायज तमंचा व कारतूस तथा 95 ग्राम डायजापाम नशीला पाउडर। आपराधिक इतिहास– किशन यादव पुत्र समरबहादुर यादव नि0 ग्राम गजना थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर 1) मु0अ0सं0 202/20 धारा 147/269/270/323/324/452/504/506 IPC व 3 महामारी अधि0 थाना



मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर 2) मु0अ0सं0 105/22 धारा 411 IPC थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 3) मु0अ0सं0 106/22 धारा 3/25 A ACT थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 4) मु0अ0सं0 107/22 धारा 8/22 NDPS ACT थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। सत्येन्द्र यादव पुत्र हरिराम यादव नि0 ग्राम सोसापट्टी थाना केराकत, जौनपुर 1) मु0अ0सं0 105/22 धारा 411 IPC थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 2) मु0अ0सं0 108/22 धारा 3\25 A ACT थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 3) मु0अ0सं0 109/22 धारा 8/22 NDPS ACT थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम का विवरण– 1. थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह, थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 2. उ0नि0 लालबहादुर सिंह,उ0नि0 आशीष कुमार पाण्डेय, हे0का0 अश्वनी कुमार राय ,का0 काशीनाथ यादव,का0 अमित यादव,का0 विजय यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर।

## बलिया से कम जौनपुर को नहीं मानते थे चंद्रशेखर –वशिष्ठ नारायण सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत के प्रधानमंत्री रहे स्व. चन्द्रशेखर सिंह की पुष्यतिथि शुक्रवार को कचहरी परिसर में स्थित पत्रकार भवन में मनायी गयी। मौजूद लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनके संघर्ष व जौनपुर के प्रति अथाह प्रेम को याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि चन्द्रशेख सिंह का जौनपुर से बहुत ही गहरा लगाव था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक कार्यकाल में कभी भी जौनपुर को बलिया से कम महत्व नहीं दिया आज उनको याद करके एक बात की याद ताजा हो गई कि संघर्ष के बूते इंसान किसी भी ऊंचाई पर पहुंच सकता है। कार्यक्रम के संयोजक वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि वह एक प्रखर व राष्ट्रवादी नेता थे। उन्होंने स्वाभिमान से कभी भी समझौता नहीं किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेलटैक्स के वरिष्ठ अधिवक्ता विरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्व. चन्द्रशेखर को सच्ची श्रद्धाजलि



तभी होगी जब उनके बताए हुए रास्ते पर चले। तिलकधारी सिंह इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि उनके छात्र जीवन से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक का कार्यकाल काफी रोचक रहा। टीडी कालेज के पूर्व प्राचार्य डा. अरुण सिंह भी रहे।

## सर्वेश्वरी समूह शाखा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित : डॉ उत्तम गुप्ता ने किया परीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सर्वेश्वरी समूह शाखा तेजीबाजार द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 360 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण ,दवा वितरण एवं जांच किया गया।स्वास्थ शिविर में जिले के वरिष्ठ मानसिक एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उत्तम कुमार गुप्ता एम.बी.बी.एस., एम.डी., न्यूरोसाइकियाट्री. •. असिस्टेंट प्रोफेसर आफ साइकियाट्री उपस्थित रहे। डॉ उत्तम द्वारा लगभग 300 मरीजो का स्वास्थ परीक्षण किया गया।इस अवसर पर तेजीबाजार क्षेत्र के श्याम राज सिंह सर्वेश्वरी समूह शाखा तेजी बाजार क्षेत्र के मंत्री ,बलभद्र सिंह, डॉक्टर रामभरोस सिंह, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, सुनील सिंह, राम अक्षय बर पांडे, साथ में मंगल क्लीनिक (न्यूरोसाइकियाट्री सेंटर) के प्रबंधक शशिभूषण पांडे, अजय चंद साहू, त्रिलोकी यादव, अखिल



उपाध्याय, विशाल गुप्ता, सविता, खुशबू लोगों ने सहयोग देकर गरीब जनता एवं असहाय मरीजों का देखरेख किया ।

## मंत्री नन्दी ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित : वृंदावन में आयोजित किया जा रहा इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन का दो दिवसीय नौवां स्थापना दिवस समारोह

मृत्युन्जय प्रताप सिंह रूलखनऊ रूइंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन का दो दिवसीय नौवां स्थापना दिवस समारोह 23 व 24 जुलाई को वृंदावन में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पूरे देश से बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग एकजुट होंगे। जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित किया। मंत्री नन्दी ने इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल जी, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक डॉक्टर नीरज बोरा जी व अन्य पदाधिकारियों के साथ राजभवन और मुख्यमंत्री आवास जाकर मुलाकात किया। वहीं राज्यपाल व मुख्यमंत्री को इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन के नौवें स्थापना दिवस समारोह में अपना बहुमूल्य समय देने, समाज के लोगों का मार्गदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान



मंत्री नन्दी ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इंडस्ट्रियलिस्ट, व्यापारी एवं वैश्य समाज के हितों से सम्बन्धित विभिन्न विषयों बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं आश्वासन प्राप्त किया।

## लायन्स क्लब क्षितिज की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब क्षितिज की नवीन सत्रारंभ की प्रथम साधारण सभा की बैठक एक होटल में सम्पन्न हुई। पिछले सत्र के पदाधिकारियों द्वारा इस सत्र के पदाधिकारियों को अपना कार्य भार हस्तांतरित किया गया।तत्पश्चात वर्तमान अध्यक्ष लायन विष्णु सहाय द्वारा आगामी सेवाकार्यों पर चर्चा की गई व नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई तथा संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू द्वारा संस्था में शामिल हुए नए लोगों के बारे में सदन में चर्चा की गई ।सभी सदस्यओ ने पूर्णतः सहयोग का आश्वासन दिया तथा संस्था को अच्छे सेवा कार्य करने हेतु सदस्यों तथा पदाधिकारियों द्वारा सुझाव दिए गए। संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू द्वारा अपने कुछ विचार दिए गए जिससे कि संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके सके।निवर्तमान अध्यक्ष जय किशन साहू ने आगामी सत्र 2022– 23 के लिए अपने अनुभव को



साझा करते हुए भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में सचिव लायन देव आनंद ने आए हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मीटिंग मे संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ,पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह ,निवर्तमान अध्यक्ष जय कृष्ण साहू जैकी, निवर्तमान सचिव प्रदीप सिंह ,धर्मेंद्र सेठ ,राजीव गुप्ता ,हसन अब्बास, अतुल चतुर्वेदी ,कौशल त्रिपाठी, सुनील कनौजिया, संजय जायसवाल, सुनील जायसवाल ,अतुल सिंह, देवेंद्र सिंह पिंकू ,संजय बैंकर, जगन्नाथ मोदनवाल, वैभव श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, दीपक साहू ,डॉक्टर चंदन नाथ ,डॉक्टर प्रिया सिंह ,आशीष सिंह ,शिवेंद्र सेठ ,जगदीश मौर्य गप्पू आदि उपस्थित थे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## गोरखपुर में 36 प्रतिशत लेखपालों की कमी : 879 की जगह 563 लेखपाल तैनात

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सरकार की योजनाओं,जमीन विवाद, राजस्व आदि जैसे कई कार्यों में लेखपालों की सीधी भूमिका होती है। लेकिन वर्तमान में गोरखपुर समेत प्रदेश के तमाम जिलों में लेखपालों की कमी है। हर जिले में लेखपाल के पद रिक्त हैं। इसका असर यह हो रहा है कि जमीनी विवादों के निस्तारण में देरी हो रही है। तमाम सरकारी



योजनाओं का लाभ आम आदमी को मिलने में देरी हो रही है। जमीनों की पैमाइश का काम भी लटका पड़ा है। कई जगहों पर लेखपालों के उपर दोहरी जिम्मेदारी है। गोरखपुर में 36 प्रतिशत लेखपालों की कमी है। सरकारी डाटे के अनुसार गोरखपुर जिले में ही 36 प्रतिशत लेखपालों की कमी है। गोरखपुर में लेखपालों के 879 पद हैं। लेकिन यहां तैनाती सिर्फ 563 लेखपालों की ही है। यानि लेखपालों के 316 पद रिक्त हैं। 64.05 प्रतिशत लेखपाल ही तैनात हैं। लेखपालों की कमी से कई जमीन विवाद, लटके हैं। या फिर विवादों के निस्तारण में लंबा समय लगता है। वहीं आय, जाति, निवास, योजनाओं के लाभार्थियों की जांच सहित अन्य कामों में भी देरी होती है। इस संबंध में डीएम कृष्णा करूणेश से बात करने के लिए दो बार फोन किया गया लेकिन फोन उनके पीआरओ ने उठाया और बात नहीं हो सकी। लेखपाल जाति आय निवास सहित शासन द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं परियोजनाओं के निस्तारण करने में अपनी अहम भूमिका निभाता है लेखपाल द्वारा सभी सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की जांच करना, जिससे यह तय होता है कि लाभार्थी पात्र है या अपात्र। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनने में लेखपाल जांच कर रिपोर्ट लगाता है आईजीआरएस, थाना दिवस, तहसील दिवस सहित अन्य दफ्तरों में आने वाले जमीन विवाद से संबंधित मामलों में रिपोर्ट लगाना और जांच कर आख्या देना ।जमीनों की पैमाइश, नक्शे के नकल देने का काम करना ।राजस्व संबंधी सभी काम में लेखपाल की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। गोरखपुर में आईजीआरएस, थाना दिवस, तहसील दिवस समेत तमाम दफ्तरों में रोज 100 से ज्यादा मामले जमीन विवाद के आते हैं। वहीं इसके अलावा आय, जाति, निवास के भी सैकड़ों आवेदन आते हैं। ऐसे में लेखपालों की कमी की वजह से इनके निस्तारण में देरी होती है या फिर ये मामले लटके रहते हैं। सदर तहसील में स्वीकृत 195 की जगह 144 लेखपाल कार्य कर रहे हैं 51 पद रिक्त पड़े हुये है सहजनवा तहसील में 88 पद स्वीकृत हैं 63 लेखपाल कार्य कर रहे हैं 25 लेखपालों की रिक्त जगह है खजनी तहसील में 158 स्वीकृत पदों में 84 लेखपाल कार्यरत हैं 74 लेखपालों की रिक्त जगह है बांसगांव तहसील में 118 स्वीकृत पद हैं 68 लेखपाल कार्य कर रहे हैं 50 रिक्त स्थान है गोला तहसील में 151 स्वीकृत पद है 92 लेखपाल कार्य कर रहे हैं 59 लेखपालों की जगह खाली है चौरीचौरा तहसील में 83 लेखपाल की स्वीकृत पद है 61 लेखपाल कार्यरत हैं 22 रिक्त जगह है खजनी तहसील में 86 लेखपालों की जगह स्वीकृत है 51 लेखपाल कार्यरत है 35 की जगह खाली है। गोरखपुर जनपद में 879 लेखपालों की स्वीकृत हैं लेकिन 563 लेखपाल ही विभिन्न तहसीलों में अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुई सेवा दे रहे हैं 316 लेखपालों की जगह रिक्त पड़ी हुई है अगर इन 316 लेखपालों की जगह को भर दिया जाए तो लेखपालों की कमी महसूस नहीं की जाएगी और फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण त्वरित गति से निस्तारण हो सकेगा और शासन द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओ का लाभ पात्र लाभार्थियों के पास समय–समय पर पहुंचता रहेगा लेखपालों की कमी से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को समय से निस्तारण करने में भी प्रशासन को दिक्कतों का सामना उठाना पड़ता है और शासन द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय से नहीं पहुंच पाता है और आम जनमानस को इधर–उधर भटकना पड़ रहा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
यकीन और दुआ नजर नहीं आते मगर नामुमकिन को मुमकिन बना देते हैं।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# आजादी : संघर्ष की एक और अनकही दास्तां

गयाप्रसाद जी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें पंजाब की जेलों में रखने के बाद महावीर सिंह के साथ बेलारी सेंट्रल जेल भेज दिया गया। वहां सत्याग्रहियों के साथ हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध साथ देने के लिए उन्हें कड़ी सजा मिली। जनवरी, 1933 में वह अंडमान भेज दिए गए, जहां उन्होंने 1937 की प्रसिद्ध भूख हड़ताल में हिस्सा लिया।

कानपुर से जगदीशपुर गांव का वह सफर हमने बस और खड़खड़े पर बैठकर पूरा किया। शहीद भगत सिंह के साथी डॉ. गयाप्रसाद की इस बस्ती तक पहुंचने का मार्ग हमें हर पल रोमांच से भर देता रहा। उनके घर के दरवाजे पर नीम का दरख्त और पीछे चौपालनुमा कुछ हिस्सा। डॉक्टर साहब से भेंट हुई, तो कल्पना के रंगों से उनका मिलान मुश्किल था। ठिगनी और सामान्य–सी कद–काठी। धोती और बनियान लापरवाही से पहने हुए, लेकिन आंखें चश्मे से दूर तक झांक रही थीं।

हम कल्पना भी नहीं कर पा रहे थे कि इसी शख्स ने भगत सिंह के साथ एक समय क्रांति के लंबे डग भरते हुए सुदूर अंडमान की लंबी सजा काटी। उन्होंने डॉक्टरी का पेशा जब शुरू किया, तब वह शादीशुदा थे। क्रांतिकारी दल में शामिल होने के बाद घर आकर पत्नी से कहा कि तुम अपने माथे का सिंदूर पोंछ डालो और मेरे सिर पर हाथ रखकर देश के लिए विदा करो। सुनकर पत्नी रोने–धोने लगीं। आखिर उन कठिन क्षणों में वह आजादी के संघर्ष में हिस्सेदारी करने के लिए निकल पड़े।

'हिंदुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र संघ' के सदस्य के नाते उनकी सबसे बड़ी उपयोगिता यह थी कि बाहर डॉ. बीएस निगम के नाम से डॉक्टर की दुकान होती और भीतर क्रांतिकारियों के केंद्र में बम बनाने का कारखाना। वह आर्य समाज और गांधी के सत्याग्रह से भी जुड़े, लेकिन चौरी–चौरा की घटना के बाद वहां से उनका मन उचट गया और वह मजदूर सभा में आए। हरिहरनाथ शास्त्री और गणेशशंकर विद्यार्थी से उनकी भेंट हुई।

वह मुनेश्वर अवस्थी से भी मिले, जो उन दिनों गोरखपुर से स्वदेश का संपादन करने के साथ ही क्रांतिकारी दल से संबद्ध थे। क्रांति के मार्ग पर चलते हुए उनकी मुलाकात विजयकुमार सिन्हा, शिव वर्मा, सुरेंद्र पांडेय, जयदेव कपूर, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद से हुई, जो समाजवाद के प्रति गहरे तक समर्पित थे। आजाद से वह पहली बार झांसी में मिले। जाजमऊ के पास होने वाली बैठक के लिए उन्हें आजाद को झांसी लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

क्रांतिकारी भगवानदास माहौर से भी वहीं के एक पुस्तकालय में आमना–सामना हो गया। दल के नेता योगेश चंद्र चटर्जी को जेल से छुड़धने की कोशिशों में वह एक बार पुलिस के हाथों में आने से बाल–बाल बचे। बाद में वह फीरोजपुर जाकर छिपे तौर पर डॉक्टरी की प्रैक्टिस करने लगे। वहां उनके साथ दल का सदस्य जयगोपाल भी था, जो बाद में मुखबिर बना। भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त द्वारा दिल्ली की केंद्रीय असेंबली में बम फेंके जाने से पहले आगरा क्रांतिकारियों का केंद्र बन गया था।

वहां हींग की मंडी में बम बनाने का कारखाना स्थापित किया गया। भगत सिंह के बुलावे पर बंगाल से यतींद्रनाथ दास ने आकर बम बनाने की कला सिखाई। आगरा में गयाप्रसाद को यह काम सौंपा गया कि वह सहारनपुर जाकर किराये पर मकान लेकर इस तरह रहें कि किसी को शक न हो। बाहर होम्योपैथिक दवाखाना और भीतर पार्टी का काम। बाद में लाहौर षड्यंत्र मामले में इसी केंद्र पर जयदेव कपूर, शिव वर्मा और डॉक्टर साहब गिरफ्तार कर लिए गए।

लाहौर में सुखदेव पहले ही पकड़े जा चुके थे। लाहौर मुकदमे में अभियोग पक्ष एक भी ऐसा सबूत पेश नहीं कर सका कि गयाप्रसाद किसी सशस्त्र कार्रवाई में लिप्त थे। पर वह जिस दल के सदस्य थे, उसने हुकूमत के खिलाफ युद्ध का एलान किया था और वह एक बम फैक्टरी के भीतर गिरफ्तार हुए थे। उन्हें सजा दिलाने के लिए यह पर्याप्त था। जेल में क्रांतिकारियों की तीन श्रेणियां थीं। पहली पंक्ति उनकी थी, जिनका केस वकीलों को लड़ना था।

इसमें देशराज, प्रेमदत्त, मास्टर आज्ञाराम, अजय घोष और पं. किशोरीलाल थे। दूसरी श्रेणी शत्रु की अदालत को मान्यता न देने वालों की थी, जिसमें डॉ. गयाप्रसाद, महावीर सिंह, बटुकेश्वर दत्त, कुंदनलाल और जितेंद्रलाल सान्याल, तथा तीसरी श्रेणी में अपना केस खुद लड़ने वाले भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, शिव वर्मा, जयदेव कपूर, विजय कुमार सिन्हा, कमलनाथ तिवारी और सुरेंद्र पांडेय को रखा गया। गयाप्रसाद राजनीतिक वाद–विवाद में सम्मिलित होते रहे और मार खाने वाले साथियों की सूची में उनका नाम सबसे ऊपर होता था।

गयाप्रसाद जी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें पंजाब की जेलों में रखने के बाद महावीर सिंह के साथ बेलारी सेंट्रल जेल भेज दिया गया। वहां सत्याग्रहियों के साथ हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध साथ देने के लिए उन्हें कड़ी सजा मिली। जनवरी, 1933 में वह अंडमान भेज दिए गए, जहां उन्होंने 1937 की प्रसिद्ध भूख हड़ताल में हिस्सा लिया। बीमार होने पर उन्हें बलरामपुर और सुल्तानपुर की जेलों में लाया गया।

उनकी रिहाई 21 फरवरी, 1946 को हुई। आजादी मिलने पर भी उन्होंने चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह के समाजवादी सपने को पूरा करने के संघर्ष को विस्मृत नहीं किया। मुझे याद है कि पहली मुलाकात में ही उन्होंने मुझसे कहा था, 'हम गुलामी को सिर्फ भारत से ही नहीं, बल्कि सारी दुनिया से मिटा देना चाहते थे। हम तत्कालीन व्यवस्था को सिर्फ इसलिए खत्म करना चाहते थे क्योंकि उसका आधार हिंसा थी।'

इसके बाद डॉक्टर साहब हरदोई के एक जलसे में मिले, जहां चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण करने कैप्टन डॉ. लक्ष्मी सहगल आई थीं। तब उनके दोनों पैरों में सूजन थी। फिर कानपुर के एक विवाह समारोह में उनसे भेंट हुई। 10 फरवरी, 1993 को उनके निधन का समाचार मिला, तो उनके घर में बिताए पल आंखों के सामने जीवंत हो उठे। वह सही अर्थों में सदाबहार क्रांतिकारी थे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## भारतीय किसान मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी रिंकू ने रमाशंकर द्विवेदी को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊरू– आज दिनांक 9 जुलाई 2022 को किसानों के बीच कार्य करने वाले और गौ संरक्षण को लेकर समूचे देश व प्रदेश में काम कर रहे भारतीय किसान मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी रिंकू द्वारा भारतीय किसान मंच द्वारा उत्तर प्रदेश का काफी दिनों से प्रदेश अध्यक्ष की तलाश थी जिसको लेकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश के जाने–माने अधिवक्ता एवं किसान पुत्र रमाशंकर द्विवेदी को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री द्विवेदी के मनोनयन से भारतीय किसान मंच उत्तर प्रदेश में किसानों के बीच किसानों के हितों के लिए और गति प्रदान होगी। श्री द्विवेदी के मनोनयन पर श्रीमती पारूल भार्गव राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ व नेहा गौतम प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार राज, गौरव पाराशर भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामनरेश तिवारी भारतीय



किसान मंच के राष्ट्रीय महासचिव रुपेश पांडेय, प्रदेश महासचिव अनमोल प्रजापति, प्रदेश संगठन मंत्री संदीप कुमार भारती समेत समस्त कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## आर्थिक रूप से कमजोर महिला को सिलाई मशीन देकर दिया रोजगार का सहारा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नीशू वेलफेयर फाउंडेशन एवं माँ गायत्री जन सेवा संस्थान हमेशा ही समाज में गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन,राशन,कन्या विवाह में सहयोग,व्हीलचेयर,सिलाई मशीन और रोजगार का सामान मुहैया कराता रहा है । इसी क्रम में आज कृष्णानगर क्षेत्र में रहने वाली महिला प्रीति बदला हुआ नाम जो आर्थिक रूप से कमजोर है जब इसका पता नीशू वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष गुंजन वर्मा एवं माँ गायत्री जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह को पता चला तो तत्काल सिलायी मशीन खरीद कर उसे रोजगार हेतु उपलब्ध कराया जिससे वह अपने जीवन को सही तरीके से जी सके। गुंजन वर्मा जो कि एनजीओ प्रकोष्ठ महानगर में सह संयोजक के पद पर कार्यरत हैं उनका कहना है वह लोगों की मदद के साथ–साथ स्वरोजगार भी प्रदान कर रही है ताकि लोग अपना जीवन सुचारु रुप से चलाएं। अभी तक कई महिलाओं बच्चियों को सिलायी मशीन उपलब्ध करा चुकी है। इस श्रेणी में दोनो संस्थाओं ने कई महिलाओं को सिलाई मशीन और



रोजगार प्रदान किए हैं जिससे उनसे उनका जीवन सरल बन सके। माँ गायत्री जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह भाजपा महानगर एनजीओ प्रकोष्ठ में संयोजक पद पर कार्यरत हैं और आए दिन लखनऊ में जरूरतमंदों की मदद करते रहते हैं अरुण प्रताप सिंह का कहना है कि अगर किसी को किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो वह सदैव उसकी सहायता हेतु तत्पर है।प्रशाशनिक मदद के साथ वो महिला उत्पीड़न व घरेलू हिंसा पर भी कार्य करते हैं। इसी तरह से आगे भी सामाजिक सेवाएं जारी रहेंगी। इस अवसर पर समाजसेविका अनिता चंडोक जी उपस्थित रही।

## पूर्व अध्यक्ष अ0भा0 महिला कांग्रेस एवं मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शोभा ओझा द्वारा की गई प्रेस वार्ता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कांग्रेस पार्टी आतंकवाद पर राजनीति के पक्ष में कभी नहीं रही है। लेकिन आज जो हालात हैं और जिस तरह से एक के बाद एक घटनाओं में लगातार आतंकियों तथा अपराधियों के तार भाजपा से जुड़े मिले हैं वैसे में सवाल पूछना जरूरी हो जाता है। आप भी सोचिए और समझिए कि भाजपा राष्ट्रवाद की आड़ में देश के साथ कितना घिनौना खेल खेल रही हैं। पिछले दिनों उदयपुर में कन्हैया लाल जी की हत्या में शामिल एक आरोपी 'मोहम्मद रियाज अत्तारी' बीजेपी का कार्यकर्ता निकला। इसने बाकायदा बीजेपी के नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली थी। मीडिया रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई है कि रियाज राजस्थान विधानसभा में बीजेपी के नेता और पूर्व मंत्री गुलाबचंद कटारिया के दामाद एवं पूर्व पार्षद अतुल चंडालिया की फैक्ट्री में काम कर चुका है। इसे भाजपा के कई कार्यक्रमों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ देखा गया है। जम्मू–कश्मीर में ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए लश्कर–ए–तैयबा के दो आतंकवादियों में से एक 'तालिब हुसैन शाह' भाजपा का पदाधिकारी निकला। इसकी बीजेपी के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ देश के गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी तस्वीर है। और जब ये पकड़ा गया तब पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं पर हमले की योजना बना रहा था। मीडिया रिपोर्ट में ये बात भी सामने आई है कि महाराष्ट्र के अमरावती में केमिस्ट उमेश कोल्हे की हत्या के कथित मास्टरमाइंड इरफान खान का निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा से संबंध हैं। और राणा दंपति का बीजेपी से क्या रिश्ता है ये किसी से छिपा नहीं है। इरफान खान राणा दंपति के लिए प्रचार करता था और वोट मांगता था। वर्ष 2020 में जम्मू कश्मीर में आतंकियों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में भाजपा के पूर्व नेता एवं सरपंच 'तारिक अहमद मीर' को गिरफ्तार किया गया था। तारिक अहमद पर हिजबुल कमांडर नवेद बाबू को हथियार देने का आरोप था जो आतंकियों की मदद करने वाले डीएसपी दविंदर सिंह के साथ गिरफ्तार हुआ था। एनआईए ने साफ तौर पर कहा भी था कि 'तारिक अहमद मीर' दविंदर सिंह का सहयोगी है। यदि दविंदर सिंह




के मामले की ढंग से जांच होती तो सच्चाई का पता चलता लेकिन जांच बीच में ही रोक दी गई। वर्ष 2017 में मध्यप्रदेश में एटीएस की टीम ने अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का पर्दाफाश करते हुए ँ के 11 संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। इनमें एक बीजेपी आईटी सेल का सदस्य ध्रुव सक्सेना भी था जिसकी राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ तक तस्वीरें है। इसके 2 साल बाद 2019 में मध्य प्रदेश में ही टेरर फंडिंग के आरोप में बजरंग दल के एक नेता 'बलराम सिंह' की गिरफ्तारी हुई थी। वर्ष 2017 में असम के भाजपा नेता 'निरंजन होजाई' को एनआईए की विशेष अदालत ने आतंकियों को आर्थिक मदद देने के आरोप में उम्र कैद की सजा सुनाई। इन्हें एक हजार करोड़ के वित्तीय घोटाले एवं टेरर फंडिंग मामले में दोषी पाया गया था। इनकी फंडिंग से मिले पैसों से आतंकवादी हथियार आदि खरीदते थे जिसका इस्तेमाल देश की सेवा में लगे सुरक्षा बलों के खिलाफ होता था। इतना ही नहीं बीजेपी सत्ता के लिए अपराध सिद्ध आतंकवादी को भी टिकट देने से नहीं चुकी है। इसी भारतीय जनता पार्टी ने मसूद अजहर के शागिर्द 'मोहम्मद फारुख खान' को स्थानीय चुनाव में श्रीनगर के वार्ड नंबर 33 से टिकट दिया था। जो जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट एवं हरकत उल मुजाहिदीन का सदस्य रह चुका है। आतंकवादी मसूद अजहर को भी इसी बीजेपी की सरकार ने छोड़ा था जिसके बाद उसने देश में कई आतंकी वारदात को अंजाम दिया। पुलवामा में जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता था वहां 200 किलो आरडीएक्स कैसे पहुंचा इसका जवाब अभी तक देश को नहीं मिला है। इसकी जांच अभी तक क्यों हुई ये भी एक सवाल है? हम आप सभी से अपील करते हैं कि भाजपा के खोखले राष्ट्रवाद को पहचानिए। राष्ट्रवाद की आड़ में ये देश को खोखला करने का घिनौना खेल खेल रहे हैं।

## कर्णधार सम्मान से सम्मानित किये गये यशस्वी उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ रू राम राज्य स्थापना महामंत्र द्वारा आज उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को कर्णधार सम्मान से सम्मानित किया गया।यह सम्मान देश प्रदेश की 16 सामाजिक संगठनों द्वारा। उनकी लोकप्रियता,सुलभता, सहजता तथा कार्य कुशलता के आधार पर दिया गया।इस अवसर पर रामराज स्थापना महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्र, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के आयोजक डा विनोद अग्रवाल, नारी रक्षा दल की अध्यक्षा सोनिका मिश्रा, अखिल भारतीय राष्ट्र रक्षा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मिश्रा भगवाधारी, वरिष्ठ पत्रकार व भ्रष्टाचार मुक्ति आन्दोलन के राष्ट्रीय सचिव मृत्युजय प्रताप सिंह, संपादक अनुभव इंडिया के विकास श्रीवास्तव,मोन। सिंह राजपूत, अखिल भारतीय समग्र विचार मंच के प्रदेश महासचिव शैलेन्द्र मिश्र,





भारतीय संगठित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, माध्यमिक शिक्षक सम्मान समिति के अध्यक्ष रामकुमार वर्मा सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## समाजवादी पार्टी का सदस्यता अभियान प्रारंभ

मृत्युन्जय प्रताप सिंह रूलखनऊरू समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान का शुभारम्भ आज जिला कार्यालय कैसरबाग के प्रागंण मे निवर्तमान जिलाध्यक्ष जयसिंह जयन्त एंव निवर्तमान जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की उपस्थिति मे कैम्प लगाकर किया गया। जिसमे जिले की सभी विधानसभाओं से सैकडो वरिष्ठ लोगों एंव आम जनता के साथ–साथ महिलाओं ने भी भारी संख्या में बढ–चढ कर समाजवादी पार्टी की प्रारम्भिक सदस्यता ली इस मौके पर पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, सदस्य जिला पंचायत पन्ना लाल रावत, जितेन्द्र यादव गुड्डू, जीत बहादूर रावत, आशिक अली, राशिद अली, ब्रजेश चेयरमैन, अनिल पासी, महेश लोधी, हारून अजीज, इब्राहीम मंसूरी, मनोज यादव, रवि भूषण राजन, नरोत्तम सिंह, शिल्पी चौधरी, प्रेमलता यादव, सरोजनी अम्बेडकर, रेनू यादव, लक्ष्मी, गजाला, अखिलेश सक्सेना, अंजनी प्रकाश, सालिम काकोरी, शशिलेन्द्र यादव, मोईन खान, मनोज कुमार सिंह, चन्द्रशेखर यादव, विदेश पाल



यादव, अमान खान, रामसमुझ रावत, रमेश कुमार काकू, शिव कुमार टाइगर, अनूप बाजपेई, विशाल सोनकर, भूपन्द्र सिंह, मोनू बाजपेई, विनोद कुमार वर्मा, सुजीत यादव, सुमित पाल, अरविन्द यादव, पुनीत राय , रामचन्द्रर राजपूत, त्रिभुवन यादव, आशा देवी, गोविन्द यादव आदि सैकडों लोगों ने समाजवादी पार्टी कीनीतियो मे आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की। और सभी लोगो ने बूथ स्तर पर पार्टी के अधिक–अधिक सदस्य बनाने हेतु संकल्प लिया।

## राजधानी में वक्फ बोर्ड संपत्तियों पर कब्जा कर भूमाफिया करा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ. दशकों पुराने घटिया वक्फ बोर्ड के बने कानूनों की आड़ लेकर और वक्फ बोर्ड में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार के चलते राजधानी में वक्फ बोर्ड की कीमती संपत्तियों को हड़पने का खेल नामचीन लोगों द्वारा खेला जा रहा है। जिसमें संबंधित थाना पुलिस के साथ एलडीए के अधिकारी भी शामिल है। नामचीन लोग करा रहे अवैध निर्माण– मामला पुराने लखनऊ के नक्खास अकबरी गेट स्थित भवन संख्या 93ध84 विक्टोरिया स्ट्रीट का है। यह संपत्ति सुन्नी सेन्ट्रल बोर्ड की वक्फ मुख्तार बेगम अलाल औलाद वक्फ संख्या 488ध433 है। इस वक्फ संपत्ति का मालिकाना हक छियत्तर वर्षीय एडवोकेट एम0 ए0 बेग के पास है। मुख्य बाजाार में स्थित इस बेशकीमती संपत्ति को शहर के नामचीन लोगों ने पहले तो नियम विरूद्ध तरीके से धोखे से अपने नाम पर एलाट करवा लिया फिर उस पुरानी बिल्डिग के मैटीरियल को पचास लाख में बेच दिया। साथ ही अब अवैध तरीके के उस स्थान पर व्यवसाजिक निर्माण करवा रहे है। जिसमें मिर्जा महमूद हुसैन, पूर्व सांसद, भूमाफिया बिल्डर दाउद अहमद, फैजी चौधरी, नासिर व नक्खास स्थित गोल्डेन टी के मालिक सहित कई अन्य लोग शामिल है। इसी परिवार ने दिये देश को चार चीफ जस्टिस– पीड़ित एम0 ए0 बेग के अनुसार उनके परिवार में चार–चार चीफ जस्टिस हुये है। जिनमें पूर्व चीफ जस्टिस आफ इण्डिया मिर्जा हबीबुल्लाह बेग, उ0प्र0 के चीफ जस्टिस नसीरूल्ला बेग, हैदराबाद के शकील अहमद जो बाद में उड़ीसा के राज्यपाल भी रहे है। इतना होने के बाद भी इस पर कब्जा करके अवैध व्यवसायिक निर्माण करवाया जा रहा है। यह घटना वर्तमान योगी सरकार के लिये एक चुनौती ही है कि पीढ़ियों से लोगों को न्याय देने वाला परिवार ही आज न्याय की दरकार कर रहा है।प्रधानमंत्री व गृहमंत्री ने दिया आदेश– इस मामले को बेग ने जिलाधिकारी, एलडीए, पुलिस कमिश्नर आदि सहित सभी संबंधित अधिकारियों के सामने रखा परन्तु कही कोई सुनवाई न होने पर सीधे प्रधानमंत्री व गृह मंत्री को भेजा। जिसका संज्ञान लेकर आदेश भी दिया और इस पर अल्पसंख्यक आयोग के संयुक्त सचिव एस0ए0 पाण्डेय ने भी इस पर हो रहे निर्माण को अवैध बताया। साथ ही एफआईआर कराने का आदेश दिया। परन्तु इतना समय बीत जाने के बाद भी इस अवैध निमार्ण पर प्रशासन का बुलडोजर नहीं चला है। चौक थाना की पुलिस भी पूरी तरह से भूमाफियाओं के पक्ष में ही है। सभी तरफ से हार कर बेग ने माननीय उच्च न्यायालय में इसके विरूद्ध याचिका दायर कर दी है। दो प्रकार की होती है वक्फ संपत्तियां– वक्फ संपत्ति के बारे में बताते हुये एम0ए0 बेग ने बताया कि वक्फ संपत्ति दो प्रकार की होती है। जिसमे ऐक वक्फ संपत्ति से होने वाली आय का उपयोग केवल धर्मार्थ कार्यों के लिये हो सकता है। दूसरे प्रकार की संपत्ति को कोई बेच तो नहीं सकता है परंतु उसका मालिकाना हे पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। यह वक्फ की संपत्ति सन् 1936 से उनके परिवार के पास है। जिस पर वर्तमान में हक उनका है।

## रामनगरी में दलित युवती से रेप मामले में महंत को भेजा गया जेल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रामनगरी में झाड़–फूंक के बहाने 20 साल की दलित युवती से महंत ने रेप किया। घटना 6 जुलाई की है, जो 7 तारीख को सामने आई थी। आरोपी महंत हनुमान दास को हिरासत में ले लिया गया था। शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर महंत को जेल भेजा गया है। हनुमान दास नयाघाट के सियावल्लभ कुंज का महंत है। पीड़ित युवती ने एक और महंत पर रेप में शामिल होने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच में लगी हुई है। पीड़ित युवती अयोध्या के तारुन थानाक्षेत्र में रहती है। मां–बाप ने कहा, ष्वह दिल्ली के एक लड़के से प्रेम करती थी। मगर, उन्हें यह बात पसंद नहीं थी। वह चाहते थे कि युवती उनकी पसंद के लड़के से शादी करे। इसलिए 6 जुलाई को उसको झाड़–फूंक कराने के लिए महंत हनुमान दास के पास लाए थे। जिससे वह इस प्रेम बंधन से बाहर निकल सके।ष मां–बाप ने बताया, ष्युवती जब महंत के पास पहुंची, तो पहले महंत ने उससे सब कुछ पूछा। फिर झाड़–फूंक कर प्रेम का भूत उतारने के लिए कहा। इसके बाद महंत ने लड़की को अपने कमरे में रोक लिया और हमें राम की पैड़ी की नहर में पैर लटका कर बैठने के लिए भेज दिया।ष उन्होंने बताया कि इसकी पुष्टि पुलिस की जांच में सीसीटीवी में भी हुई है। महंत शादीशुदा है और वह तीन लड़कियों का पिता भी है। रेप का मामला सामने आने के बाद एसएसपी प्रशांत वर्मा ने सीओ अयोध्या डॉ. राजेश तिवारी को जांच सौंपी थी। शुक्रवार दोपहर पुलिस ने सबूत जुटाने के बाद एसएसपी को पूरी जानकारी दी। तब एसएसपी ने अयोध्या कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। सीओ अयोध्या डॉ. राजेश तिवारी ने बताया कि केस दर्ज कर हनुमान दास को गिरफ्तार कर लिया गया है।सियावल्लभ कुंज के महंत हनुमान दास शादीशुदा और तीन बच्चों का पिता है। नयाघाट के मंदिर में ही उसका परिवार भी रहता है। घटना के समय परिवार के लोग भी मंदिर के दूसरे हिस्से में थे। इस मंदिर में झाड़–फूंक का काम करीब 20 साल से चल रहा है। इस मंदिर के भक्त यूपी सहित देश के कई राज्यों में हैं। मेलों के दौरान इस मंदिर में दो से पांच हजार भक्त आते हैं। सियावल्लभ कुंज मंदिर के स्वामित्व को लेकर चल रहा है विवाद सियावल्लभ कुंज मंदिर के स्वामित्व को लेकर कोर्ट में विवाद चल रहा है। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने इस मंदिर का स्वामी खुद को बताया है। इसके लिए उन्होंने कोर्ट में मुकदमा दायर कर रखा है। मुख्य पुजारी के शिष्य और रामलला के पुजारी प्रदीप दास बताते हैं, ''सियावल्लभ कुंज के महंत अयोध्या दास ने आचार्य सत्येंद्र दास को 1989 में रजिस्टर्ड वसीयतनाम लिखा था। यह मंदिर भगवान की संपत्ति है। निजी वसीयत के बल पर हनुमान दास ने खुद को इसका महंत घोषित कर रखा है।

# थाना शाहगंज पुलिस टीम ने 03 शातिर महिला चोर को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–182/2022 धारा–380 भादवि से सम्बन्धित तीन महिला अभियुक्ताओं 1. सुषमा पत्नी विजय पाल निवासी मोहल्ला बनारसीदास थाना कोतवाली जनपद औरैया 2. सावित्री पत्नी शिवराम सिंह निवासी कोलालपुर थाना बकेवर जनपद इटावा, 3. राजरानी पत्नी भरत सिंह निवासी घोटिया थाना बकेवर जनपद इटावा, को रोडवेज शाहगंज से गिरफ्तार किया गया एवं तलाशी से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0182/2022 धारा 380 भादवि से सम्बन्धित चोरी गया माल/गहना एवं अन्य स्थान से चोरी किया गया माल/गहना बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0–183/2022 धारा–411/411 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर पंजीकृत करते हुए उपरोक्त महिला अभियुक्ताओं को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। अभियुक्ताओं की गिरफ्तारी से इस प्रकार के अपराध पर अंकुश लगेगा। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ताओं का नाम पताः– 1. सुषमा पत्नी विजय पाल निवासी मोहल्ला बनारसीदास थाना कोतवाली जनपद। 2. सावित्री पत्नी शिवराम सिंह



निवासी कोलालपुर थाना बकेवर जनपद इटावा। 3. राजरानी पत्नी भरत सिंह निवासी घोटिया थाना बकेवर जनपद इटावा। बरामदगी का विवरण– 1.02 चेन पीली धातु, 02 पीली अंगुठी पीली धातु, 03 जोडी कान की बाली, दो जोडा पायल, एक लाकेट, 07 नथुनी, दो नाक की कील, कुल 27160 रूपये नकद। अभियुक्ताओ का आपराधिक इतिहासः– 1. मु0अ0सं0–182/2022 धारा–380/411 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।2.मु0अ0सं0–183/2022 धारा–411/414 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीमः– 1.उ0नि0 श्री विजय सिंह गौड़ थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 राजकुमार यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 3.का0 विकेश चौहान थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 4.का0 गुड्डू प्रसाद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 5.म0का0 शशिकला यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 6. म0का0 रनीशा कुमार थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## थाना खेतासराय,स्वाट व सर्विलांस जौनपुर की संयुक्त टीम द्वारा 11 शातिर अन्तर्जनपदीय ठगी करने वाले अभियुक्त व अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत डा0 संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खेतासराय पुलिस टीम व स्वाट टीम जौनपुर एवं सर्विलांस जौनपुर की संयुक्त टीम के द्वारा आज दिनांक 09.07.2022 को मुखबिर खास की सूचना पर खेतासराय स्टेशन के पूरब से 11 शातिर अन्तर्जनपदीय ठगी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण से बरामद उपकरण जेवरात, एवं पैसे के सम्बन्ध में पूछने पर बताये कि पैसा लेकर हम लोग वापस चले गये थे फिर कुछ दिन हम लोग इधर उधर समय व्यतीत किये आज भी हमने जेवरात बेचने के उद्देश्य से यहाँ आये थे । साहब कुछ दिन पहले हम लोगो ने खेतासराय चौराहे के पास मिठाई की दुकान पर नकली जेवरात बेचकर रूपया 273000 लिये थे । आज फिर जेवरात बेचने आये थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया है। यह वही पैसे है जो हमलोगो ने नकली जेवर बेचकर पैसे लिये थे और पैसे हम लोगो ने इधर उधर खर्च कर दिये है। केवल इतने ही बचे है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता– 1.सीता राम पुत्र चुन्नी लाल निवासी विभूति नगर बिलग्राम चुंगी थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई 2. तुलसी पत्नी सीता राम निवासी विभूति नगर बिलग्राम चुंगी थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई 3. मंगल गुजराती पुत्र चुन्नी गुजराती निवासी विभूति नगर बिलग्राम चुंगी थाना शहर कोतवाली, हरदोई 4. प्रेम कुमार पुत्र सेवालाल निवासी अठौली थाना चाँदपुर जनपद बुलन्दशहर 5. बीरू कुमार पुत्र गंगाराम निवासी हनुमानपुरी (हैडिल) थाना सरोजनी नगर जनपद लखनऊ 6.




शान्ति देवी पत्नी बीरू निवासी हनुमानपुरी (हैडिल) थाना सरोजनी नगर जनपद लखनऊ 7. किशन पुत्र गंगाराम निवासी हनुमानपुरी (हैडिल) थाना सरोजनी नगर जनपद लखनऊ 8. राजू देवी पत्नी गंगाराम निवासी हनुमानपुरी (हैडिल) थाना सरोजनी नगर जनपद लखनऊ 9. प्रभुराय पुत्र राम लाल निवासी जयन्त नगर खेड़ा थाना उत्तरथाना जनपद फिरोजाबाद 10. सीता देवी पत्नी प्रभुराय निवासी जयन्त नगर खेड़ा थाना उत्तरथाना जनपद फिरोजाबाद 11. रूपा देवी पत्नी स्वं0 शंकर निवासी रैना थाना उत्तरथाना जनपद फिरोजाबाद पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0–120/2022 धारा 406 420 411 भादवि थाना खेतासराय जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. रूपया 30,235 नगद। 2. 02 माला का गुच्छा, 07 डाई, 02 टूटी डाई, 01 प्लास छोटा, 01 रेती, 01 चिमटी, 09 चाँदी के सिक्का बड़ा , 04 चवन्नी (सिक्का) चाँदी का, एक माला जिसमे 3 लाकेट, एक चाँदी का सिन्दूरदान(डिब्बी), 01 चाँदी का पायल, 01 अंगूठी पीली धातु, 02 कान का टप्स, 02 चाँदी का पायल का जोड़, 01 लाकेट पीली धातु, 02 तार, 01 नाक बारी (नथुनी छोटी), 01 माला लाकेट में 03 दाना, 01 पुड़िया पाउडर, 03 सूई, 07 छोटी मोबाइल (03 नोकिया 2 आईटेल, 01 सैंमसंग,01 लावा ) व 04 बड़ी मोबाईल (02 वीवो, 01 सैंमसंग, 01 रियलमी) गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. यजुवेन्द्र कुमार सिंह , थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जनपद जौनपुर मय टीम। 2. उ0नि0 आदेश त्यागी प्रभारी स्वाट मय टीम । 3. उ0नि0 रामजनम यादव प्रभारी सर्विलांस जौनपुर मय टीम।

# सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय पिलखिनी गौराबादशाहपुर में किया गया वृहद पौधारोपण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय पिलखिनी गौराबादशाहपुर में आज पौधारोपण जन आन्दोलन 2022 के तहत वृहद पौधारोपण का आयोजन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ० अंकिता राज, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, डी०एफ०ओ० प्रविण कुमार खरे, माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह, प्रबन्धक अरविन्द सिंह, राहुल सिंह, प्राचार्य डॉ० रूबी रॉय द्वारा आम, महोगनी और सागौन का पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा की आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद में नगर वनध्नगर वाटिका, नदियों के किनारे एवं अन्य स्थलों पर वृक्षारोपण करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा की वृक्ष हम सभी के जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और मनुष्यों के लिए तो ये किसी वरदान से कम नहीं है। वृक्ष हम सभी



को लकड़ी, फल, सब्जियां और अन्य विभिन्न उपयोगी वस्तुएं प्रदान करते है। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षारोपण से शुद्ध हवा प्राप्त होती है, वातावरण का प्रदूषण एवं तापमान कम रहता है, मिट्टी क्षरण एवं प्रदूषण भी नियन्त्रित होता है। इस अवसर पर आकांक्षा समिति की अध्यक्ष ने कहा कि पौध हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है पौध के माध्यम से हमे शुद्ध हवा मिलता है जो जीवन जीने के लिए जरूरी है।

# थाना सिंगरामऊ पुलिस टीम द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश में अपराध की रोकथाम एंव अपराधियों व वांछित व वारण्टी अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक



ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सिंगरामऊ पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र व गश्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मु0नं0 647/19 धारा 128 सीआरपीसी थाना महराजगंज जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र हरखाली निवासी बरैंया थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर मा० न्यायालय में समय से पेश किया गया। नाम पता अभियुक्त व संबन्धित अभियोग– 1. अनिल कुमार पुत्र हरखाली निवासी बरैंया थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम 1. थानाध्यक्ष कमलेश कुमार थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री राजेश यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 3. का0 लक्ष्मीकान्त गुप्ता थाना सिंगरामऊ जौनपुर । 4. का0 सुदीप सिंह थाना सिगरामऊ जौनपुर।

# बादल फटने से श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुःख –खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। दिल्ली प्रदेश नेशनल पैंथर्स पार्टी के अध्यक्ष राजीव जोली खोसला अमरनाथ यात्रा के दौरान बादल फटने पर हुए श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि दी और कहा कि किस प्रकार कठिन रास्तों से गुर्जर कर श्रद्धालु अमरनाथ जी की पवित्र गुफा के दर्शन करते हैं और बादल फटने से कई श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई वा कई घायल हो गए आए हुए सभी भक्तों का सरकार द्वारा पुख्ता इंतजाम किया जाता है। बर्फीली पहाड़ियों के बीच में इंतजाम करना कोई मजाक नहीं व विश्व भर से आए हुए श्रद्धालुओं को भक्तों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन लंगर के रूप में खिलवाना भी आपने आपने टेढ़ी खीर है। पैंथर परिवार घायल श्रद्धालुओं की भी शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है उनके परिवार के सदस्यों से निवेदन है कि वे संयम बरतें सरकार पूरा पुख्ता इंतजाम करेगी।

## अमित अग्रहरि बने अग्रहरि समाज के जिलाध्यक्ष : बधाई देने वालो का लगा ताता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष श्रवण अग्रहरि द्वारा शुक्रवार को जनपद जौनपुर के ऊर्जावान एवं लोकप्रिय समाजसेवी व पूर्वांचल के प्रतिष्ठित व्यवसाई राजाराम एंड संस ग्रुप के डायरेक्टर अमित अग्रहरि को जौनपुर अग्रहरि समाज का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। कुशल संगठक एवं कोरोना काल में अपनी सेवाओं द्वारा जनपद में नायक के रूप में उभरे अमित कुमार अग्रहरि को जनपद जौनपुर अग्रहरि समाज का जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर नगर के संभ्रांत अग्रहरि



बन्धुओं एवं युवाओं ने उनके निज आवास पर पंहुच कर उनका अभिनन्दन करते हुए हर्ष व्यक्त किया एवं उनके जन्मदिन पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हेतु शुभकामनायें दी गयी साथ ही कदम से कदम मिला कर चलते हुए अग्रहरि समाज को मजबूत बनाने के लिए हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। वरिष्ठों द्वारा आशीर्वाद देते संगठन को अभूतपूर्व मजबूती प्राप्त होने उम्मीद जताई गयी। इस अवसर पर सुभाष अग्रहरी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रहरी समाज) डा. ओम प्रकाश अग्रहरि जी (पूर्व जिला महामंत्री वैश्य एकता परिषद), प्रमोद अग्रहरि (पूर्व जिलाध्यक्ष अग्रहरि समाज), डॉ विजय गुप्ता, अशीष गुप्ता (पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा), राजेश गुप्ता (नगर महामंत्री भाजपा) संतोष अग्रहरी, विकास अग्रहरी (पूर्व नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा पूर्व युवा महामंत्री अग्रहरी समाज) विक्रम अग्रहरी ( युवा प्रदेश उपाध्यक्ष) आनंद अग्रहरि (युवा समाजसेवी) कश्यप अग्रहरी, सुरेश जी, अमित अग्रहरी (महामंत्री संस्कार भारती) अमित अग्रहरी एडवोकेट विनोद अग्रहरी, राधेश्याम अग्रहरि अजय जी, राजा जी और वरिष्ठ वा युवा अग्रहरी साथी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जौनपुर के समाजसेवी राजेश ने बीमार दिव्यांग बेटी को पहुंचाया अस्पताल

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : शहर के चर्चित लोकप्रिय समाजसेवी राजेश हर समय असहाय, लाचार ,दुर्घटनाग्रस्त, दिव्यांग, बूढ़े , अर्ध विक्षिप्त और भूखे




इत्यादि लोगों के कल्याण के लिए तत्पर रहते हैं, आज उन्होंने एक ऐसे दिव्यांग बच्ची की मदद की और उसको अस्पताल पहुंचाया जो( सेरेब्रल पाल्सी) जन्मजात लकवा ग्रस्त है। कई दिनों से उसका दोनों हाथ अकड़ कर पीछे मुड़ गया है और दोनों पैर भी अकड़ गए हैं समाजसेवी राजेश को जैसे ही पता लगा तत्काल समाजसेवी राजेश मुहल्ला सैदनपुर अंजलि गुप्ता नामक उस दिव्यांग बेटी जिसकी उम्र 12 है, के घर पर जाकर के उसका हाल चाल लिया और दूसरे दिन उसको नगर के प्रतिष्ठित एक निजी अस्पताल मे इलाज हेतु अपने हाथों से उठा करके उसको लाए और डॉक्टर को दिखाया इस विशेष मानव सेवा में श्याम नारायण पांडेय का विशेष सहयोग रहा और इस मौके पर छात्रा की माता अनीता गुप्ता और हर्ष गुप्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत–प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाए। मासिक समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सिंचाई अधिकारी से कुडैला डैम, कमसिन डैम की साफ–सफाई की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि टीम द्वारा डैमों की सफाई का भौतिक सत्यापन कराया जाए। अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से विद्युत के संबंध में वित्तीय वर्ष में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है और कितने का निस्तारण हुआ है उसकी जानकारी उपलब्ध रखें और विद्युत संबंधी शिकायतों का निस्तारण करें। विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लोकल फाल्ट को कम किया जाए। ट्रांसफार्मर के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि कहीं से शिकायत प्राप्त होती है तो अतिशीघ्र कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि प्रत्येक सप्ताह बिजली की स्थिति की समीक्षा वह स्वयं करें और अभियान चलाकर विद्युत चोरी को समाप्त की जाए। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड से ददरा बाईपास मड़ियाहूं के बारे में जानकारी प्राप्त की और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। उपनिदेशक कृषि से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में जानकारी प्राप्त की और ई–केवाईसी के संबंध में निर्देशित किया कि 31 जुलाई 2022 के पूर्व ई–केवाईसी को शत–प्रतिशत पूर्ण कराएं। उन्होंने खाद्य बीज की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि पीएम फसल बीमा योजना लक्ष्य को शत–प्रतिशत पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 राजेश कुमार से निराश्रित गोवंश, हरे चारे, भूसा दान के बारे में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि भूसा दान करने की अपील करें। निराश्रित गोवंशो की जियो टैगिंग करा ले। बृहद गौ–संरक्षण केंद्र का निर्माण पूर्ण करें। सप्ताहिक भ्रमण करें और गो–आश्रय स्थल की देखरेख करें। उन्होंने हरे चारे, पानी, छायादार स्थान आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्र में छुट्टा पशु, जानवर को पकड़कर गौशाला केंद्र में स्थापित करें, यह कार्य अभियान चलाकर किया जाए और जिसके द्वारा पशुओं को छोड़ा जाता है उस पर पेनाल्टी/जुर्माना लगाया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि अस्पतालों में डॉक्टरों की उपलब्धता, दवा, नर्स, एएनएम, जीएनएम की उपलब्धता सुनिश्चित कराये और आकस्मिक निरीक्षण भी करे। उन्होंने आयुष्मान कार्ड ऑफलाइन, ऑनलाइन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और और निर्देशित किया अभियान चलाकर इसको शत–प्रतिशत किया जाए। जिलाधिकारी ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि सीएचसी, पीएचसी की स्थिति अच्छी की जाए और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी ने टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया की जेई प्रथम, जेई द्वितीय, कोविड वैक्सीनेशन अन्य टीकाकरण को शत–प्रतिशत लगवाये जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सामुदायिक शौचालय को शत–प्रतिशत क्रियान्वयन कराएं। मॉडल शौचालय के रूप में स्थापित करें। स्कूल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र आदि के कायाकल्प की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि पंचायत भवन में नियमित रूप से पंचायत सहायक, पंचायत सचिव, लेखपाल, प्रधान रोस्टर वाइज पंचायत भवन में बैठे और पंचायतों द्वारा चलाई जा रही समस्त प्रकार की योजनाओं की जानकारी विवरण दीवाल पर लिखवा दें और इसकी मानिटरिंग डीपीआरओ स्वयं करें। उन्होंने सिचाई विभाग से रिबोर के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि किस गांव में कितना रिबोर हुआ है उसका रिकॉर्ड रखे और भौतिक सत्यापन कराएं। प्रधानमंत्री आवास शहरी, ग्रामीण की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की और पीओ डूडा को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित की जा रही सड़कों की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने डिजिटल ट्रांजैक्शन के संबंध में पीओ डूडा को अभियान चलाकर इसकी वृद्धि किये जाने का निर्देश दिया और क्यूआर कोड को जितने लोगों द्वारा जारी किया जा रहा है उनसे डिजिटल द्वारा पैसे प्राप्त किए जाने के निर्देश दिये। एनआरएलएम के संबंध में जानकारी प्राप्त की और डीसी एनआरएलएम कि खराब प्रगति होने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जितने भी पौधे लगाए जा रहे हैं उसकी देखभाल सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने मत्स्य अधिकारी से मत्स्य पालन हेतु तालाबों का आवंटन के संबंध में जानकारी प्राप्त किया और निर्देशित किया कि तालाबों के आवंटन में पारदर्शिता के रूप में किया जाए। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को सामूहिक विवाह, पेंशन का सत्यापन शत–प्रतिशत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कौशल विकास योजना से सम्बन्धित श्रमिकों के पंजीकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रमिकों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित कराएं, जिससे श्रमिकों को लाभ मिले, इसमें जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग अवश्य लें। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान चलाकर शहर एवं नगर पालिका नगर पंचायतों में साफ–सफाई के कार्य, प्लास्टिक जब्तीकरण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क पर कही भी प्लास्टिक न दिखे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारियों के पास उनके विकासखंड में चल रहे निर्माण कार्यों की सूची अवश्य होनी चाहिए। उप निदेशक कृषि को निर्देश दिया कि बीज वितरण के सम्बन्ध में प्रचार–प्रसार कराये और ब्लॉकों में अच्छे किसान का नाम दीवारों पर लिखवाया जाए एवं अन्य विभागों के अच्छे कार्यों की बुकलेट तैयार करें, जिन्हें देखकर अन्य लोग भी प्रेरित हो। जिलाधिकारी द्वारा नमामि गंगे के तहत चल रहे एच.टी.पी. प्रोजेक्ट एवं घाट के सुंदरीकरण के प्रगति की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि समय से कार्य पूर्ण कराये। जिलाधिकारी के द्वारा गेहूं क्रय केंद्रों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, जिला विकास अधिकारी बी. बी. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कावड़ यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा घाट व मार्गो का किया गया निरीक्षण

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना)आगामी कावड़ यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश कुमार व पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा संयुक्तरूप से राजघाट पर की जाने वाली तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने बिलग्राम तहसील के कटरी बिछुइया एवं कटरी छिबरामऊ राजघाट में गत वर्ष कराये गये कटाव निरोधक कार्यो, ड्रेजिंग चौनल निर्माण कार्य के परिणामों और इस वर्ष की तैयारियों के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता शारदा नहर अखिलेश गौतम से जानकारी ली। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि आज गंगा नदी में नरौरा बैराज से 13130 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। परियोजना से सम्बन्धित सभी कार्य पूरे किये जा चुके है। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि गत वर्ष कराये गये कार्य सफल एवं लाभकारी रहे है। नदी की धारा मध्य में स्थापित पायी गयी। ग्राम के किनारे आबादी क्षेत्र में सिल्ट का पर्याप्त जमाव पाया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रृद्धालुओं के जल भरने वाले स्थल/घाट एवं मार्गो का निरीक्षण किया। उन्होने जिला पंचायतराज अधिकारी को नदी में बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिये ताकि श्रृद्धालु अधिक गहरायी तक न जाये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि घाटों पर गोताखोरो व नावों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाये। जीवन रक्षक जैकेट की व्यवस्था की जाये। विद्युत विभाग को बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कावड़ यात्रा के मार्गो में आने वाले नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियो को सचल शौचालयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि साफ सफाई की व्यवस्था चाक चौबन्द रखी जाये। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य टीमो के साथ एम्बुलेन्स की व्यवस्था रखी जाये। कावड़ यात्रा मार्गो पर



स्वास्थ्य शिविर लगाये जाये। जिनमें मेडिकल किट व डॉक्टर की व्यवस्था हो। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि कावड़ यात्रा मार्गो को दुरूस्त कर लिया जाये। उन्होने अधिशासी अधिकारियों व अन्य अधिकारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि क्षेत्र के सभी शिव मन्दिरों की साफ सफाई करायी जाये। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिये कि कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगातार पेट्रोलिंग की जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजघाट–बिलग्राम, बिलग्राम–माधौंगंज, माधौगंज–बघौली व बघौली–प्रताप नगर मार्ग का निरीक्षण किया, जहॉ से कावड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रृद्धालु निकलते है।

इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता शारदा नहर अखिलेश गौतम, जिला पंचायतराज अधिकारी गिरीश चन्द्र, मल्लावां व माधौगंज के खण्ड विकास अधिकारी, मल्लावां, माधौंगंज, कुरसठ व बिलग्राम के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# द्वारिका मंदिर में पाठ उत्सव कार्यक्रम पर बाल्मीकि रामायण कथा की हुई पूर्णाहुति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : रामनगरी के राजघाट स्थित द्वारका मंदिर में भगवान के पाठ उत्सव का कार्यक्रम के अवसर पर नौ दिवसीय बाल्मीकि रामायण की कथा का आयोजन हुआ। जिसमें अयोध्या व अन्य जनपदों के श्रद्धालु इस बाल्मीकि रामायण कथा में सम्मिलित हुए और कथा का रसपान लिया वही द्वारका मंदिर के महंत स्वामी सूर्य नारायण चार्य ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान का पाठ उत्सव कार्यक्रम मंदिर में मनाया जा रहा है उसी के अवसर पर बाल्मीकि रामायण कथा का आयोजन किया गया। कथा की अमृत वर्षा जगतगुरु रामानुजाचार्य ने किया और श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान ग्रहण किया और भक्ति में लीन हुए। वही द्वारका मंदिर के महंत नारायण आचार्य ने बताया कि जगतगुरु रामानुजाचार्य प्रपन्नाचार्य बड़ी दिव्य कथा सुनाई है बड़ा आनंद रहा इसी पाठ उत्सव कार्यक्रम को लेकर विशेष पाठ उत्सव हुआ। 6 जुलाई को भगवान का अभिषेक हुआ सिंगार हुआ आज नौवे दिन कथा का पूर्णाहुति विधि–विधान पूर्वक समपन्न हुई। शाम को भंडारे का आयोजन होगा जिसमें अयोध्या के साधु संत सम्मिलित होंगे और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे हर वर्ष भगवान का पाठ उत्सव कार्यक्रम इसी आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से लेकर सप्तमी अष्टमी के बीच मे पाठ उत्सव का कार्यक्रम होता है और अयोध्या के सभी साधु संत इस कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं।

# रामनगरी पहुंची तेलंगाना की राज्यपाल : किया हनुमानगढ़ी व राम जन्म भूमि दर्शन पूजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : रामनगरी पहुंची तेलंगाना की राज्यपाल तमिलसाई सुंदर राजन ने हनुमानगढ़ी व राम जन्म भूमि दर्शन पूजन किया।इस दौरान अयोध्या में बने मद्रासी मंदिर से निकाली गई श्री राम रथ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में आए तेलंगाना के लोगो के साथ शामिल हुई। और कहा कि आज रामलला का दर्शन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।मीडिया से बात करते हुए तेलंगाना की राज्यपाल तमिलसाई सुंदर राजन ने कहा की कुछ तमिल भाषी लोगों के धार्मिक आयोजन में भाग लेने पहुंची थी इसके साथ पिछले 60 वर्षों से जुड़े हुए हैं भगवान राम लक्ष्मण सीता और हनुमान जी की प्रतिमा के रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकले हैं पूरे देश के लिए आशीर्वाद मांगा है हनुमानगढ़ी और राम जन्म भूमि दर्शन पूजन कर रही हूं और मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे आज यह मौका मिला मैं बहुत खुश हूं मैंने भगवान से कोरोना के समापन के लिए आशीर्वाद मांगा है सभी लोग सुरक्षित रहें और कोरोना समाप्त हो।दरसअल अयोध्या में स्थित मद्रास मंदिर पर मंदिर का जीर्णोद्धार चल रहे वार्षिक उत्सव के तौर पर धार्मिक आयोजन किया गया।जिसमे बड़ी संख्या में यहां पर लोग उपस्थित हैं और अपने पूजा पद्धति के अनुसार भगवान का अभिषेक भगवान को रथ पर सवार करके पूरे नगर का भ्रमण इस तरीके का कार्यक्रम कर रहे हैं मद्रास मंदिर के कार्यक्रम में भाग लेने तेलंगाना के राज्यपाल तमिलसाई सुंदरराजन भी आई थी अयोध्या।

# जिलाधिकारी ने लिया बाजार योजना' प्रथम चरण के अंतर्गत भूमि अर्जन की प्रगति व स्थिति का जायजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : जिलाधिकारी नितीश कुमार ने शाहनेवाजपुर माझा, बरेहटा मांझा का भ्रमण कर 'भूमि विकास, गृह स्थान एवं बाजार योजना' के प्रथम चरण के अंतर्गत भूमि अर्जन की प्रगति व स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर एक्स ई एन आवास विकास ने बताया कि उक्त योजना के प्रथम चरण में ग्राम शाहनेवाजपुर मांझा की 201.74 एकड़ व ग्राम बरेहटा मांझा की 230.23 एकड़ तथा ग्राम तिहुरा मांझा की 151.34 एकड़ कुल 583.31 एकड़ भूमि पर योजना संचालित की जानी है। जिसके सापेक्ष प्रथम चरण के अन्तर्गत अब तक 474.60 (81.36 प्रतिशत) एकड़ भूमि का कब्जा/विकास अनुबन्ध परिषद पक्ष में प्राप्त किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने शेष भूमि को भू–स्वामियों से सहमति के आधार पर शीघ्र भूमि अर्जन करने के निर्देश दिये। उन्होंने एक्स ई एन आवास विकास से फेज–1 के अन्तर्गत अब तक अर्जन की गयी भूमि को समतल कराने तथा शाहनेवाजपुर की भूमि से वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिये, जिससे वहां पर वर्षा जल न एकत्रित होने पाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एनएचएआई से समन्वय कर हाइवे के सर्विस लेन को शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त योजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत 39 होटल व्यवसायिक भूखण्ड, 09 सामुदायिक सुविधायें, 05 संस्थागत भूखण्ड, 19 अन्तर्राष्ट्रीय व राज्यों के भवनों हेतु प्रस्तावित भूखण्ड, 17 (2500 प्लैट्स) अल्प आय वर्ग दुर्बल आय वर्ग हेतु आरक्षित भूखण्ड, 65 ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड, 01 पुर्नवास स्थल, 01 मनोरंजन एवं जलाशय हेतु निर्धारित स्थल तथा 03 यूटिलटी भूखण्ड उपलब्ध होंगे। उन्होंने आगे बताया कि प्रथम एवं तृतीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित कुल भूमि 1194.36 एकड़ पर कुल 40 हजार दर्शनार्थियों हेतु गेस्ट हाउस, 80 अन्तर्राष्ट्रीय गेस्ट हाउस, 36 राज्य एवं केन्द्र शासित राज्यों के भवन, आवासीय भूखण्ड तथा समाज के दुर्बल आय वर्ग श्रेणी हेतु भूखण्ड, वर्तमान ग्रामीण आबादी के पुर्नवासन हेतु प्रयाप्त मात्रा में भूखण्ड तथा मनोरंजन एवं जलाशय भी प्रस्तावित है।

# हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी के बगल में मिला बारूद का जखीरा : चौबीस घंटे के अंदर बम ब्लास्ट दोबारा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : सेमरा ग्राम में गन्ने के खेत में हुआ एक और बड़ा धमाका, जो की बीती रात रहमतुल्लाह के घर से 100 मीटर की दूरी पर हुआ। की किसी प्रकार की छति नहीं हुई है। समय लगभग आज 3 बजे सूचना के उपरान्त मौके पर पहुंचे हैरिग्टनगंज चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी,मय पुलिया बल के साथ व थाना प्रभारी अमर जीत सिंह क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी और एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का लिया जायजा। बीती रात रहमतुल्लाह के घर पर हुआ था कल बम ब्लास्ट जिले के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी से मात्र 500 मीटर पर स्थित एक घर में गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में जोरदार धमाका हुआ है। पुलिस ने नौ बोरियों में बारूद व बम बनाने के सामान को बरामद करके हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी प्रांगण में रखा है। बम विस्फोट की वजह से तकरीबन तीन सौ वर्ग फीट का मकान धराशाई हो गया है। हालांकि हैरिंग्टनगंज पुलिस रात भर सिलेंडर दगने की बात दोहराती रही। धमाका इतना भयानक था कि उसकी धमक कई किलोमीटर दूर तक सुनाई पड़ी। धमाके में इमरान उर्फ कल्लू (30) युवक घायल हो गया है। जिसको हैरिंग्टनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। अब उसे जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। मिल्कीपुर सीओ सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि आतिशबाजी का काम यह परिवार करता था और उसके घर पर बारूद व आतिशबाजी का सामान बनाने का उपकरण भी मिला है। बताते चलें कि बृहस्पतिवार की देर रात में इनायतनगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी से मात्र 500 मीटर दूर हैरिंग्टनगंज बाजार के उत्तर सिवान में स्थिति रहमतुल्ला के मकान में जबरदस्त धमाका हुआ। यह धमाका देर रात करीब साढ़े नौ बजे के आसपास का बताया जा रहा है। इस धमाके में रहमतुल्ला का बेटा इमरान उर्फ कल्लू घायल हो गया है। जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। परिजनों की मानें तो मिट्टी के गड्ढे में पानी भरते वक्त विस्फोट होने से यह हादसा हुआ है। हालांकि अब तक यह परिवार पुलिस को सिलेंडर फटने से हादसा होना बता रहा था। लेकिन क्षेत्र में इस धमाके को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। आखिर क्यों चौकी प्रभारी रात भर सिलेंडर फटने का जाप करते रहे, मजे की बात यह है कि पुलिस चौकी के बगल स्थित इस घर में इतना बड़ा बारूद का ढेर पहुंच गया और पुलिस को भनक तक नहीं लगी इसके अलावा गौरतलब पहलू यह भी है कि आखिर क्यों हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी बृहस्पतिवार की रात भर सिलेंडर फटने का जाप करते रहे। मौके पर पुलिस कप्तान सहित जिले के आला अधिकारी व फारेंसिक टीम के अलावा एलआईयू व स्पेशल ब्रांच की टीम पहुंचकर जांच–पड़ताल में जुट गई है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले की जांच इनायत नगर पुलिस से ना कराकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी व स्पेशल पुलिस टीम से कराई जाए। घटनास्थल पर पहुंचे व्यापार मंडल व भाजपा नेता अजय सिंह ने कहा कि यह बड़ा मामला है और इसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से होनी चाहिए। लोगों का भरोसा स्थानीय पुलिस से उठ चुका है।

# पांच किलो सौ ग्राम अवैध गाँजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : कोतवाली क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत दिनाँक 8.07.2022 को मुखबिर के सूचना पर अभियुक्त संजय यादव पुत्र स्व0 लल्लन प्रसाद ग्राम गोला बाजार थाना को0बीकापुर जनपद अयोध्या को खजुरहट रेलवे क्रांसिग के आगे के0के0ए0डी0इण्टर कालेज के पास से समय करीब 07.35 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त संजय यादव पुत्र स्व0 लल्लन प्रसाद ग्राम गोला बाजार थाना को0बीकापुर जनपद अयोध्या उपरोक्त के पास से 05 किलो 100 ग्राम अवैध गाजा बरामद हुआ । जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 281/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया और अभियुक्त संजय यादव को न्यायालय भेजा गया।अभियुक्त का अपराधिक इतिहास 1.मु0अ0स0 281/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना को0बीकापुर,2.मु0अ0स0 28/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना को0बीकापुर,3. मु0अ0स0 35/2020 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना को0बीकापुर में पंजीकृत हैं।

# कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेशद्वार से प्रवेश बंद : प्रवेश प्रतिबंध के चलते आमजन हैरान व परेशान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के मुख्य प्रवेश द्वार गेट नंबर 1 से आमजन सहित कृषकों के प्रवेश के लिए पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया गया है जिसके चलते विश्व विद्यालय कर्मियों एवं क्षेत्रवासी ग्रामीण बैंक ग्राहकों को कई किलोमीटर दूरी का सफर तय करना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति के तुगलकी फरमान से विश्वविद्यालय कर्मियों सहित आमजन में विश्वविद्यालय परिसर में घुसने को लेकर हो रही परेशानियों के चलते त्राहि–त्राहि मची हुई है। सबसे मजे की बात तो यह है कि उक्त प्रवेश द्वार केवल विश्वविद्यालय के कुलपति के आने जाने पर ही सुरक्षाकर्मियों द्वारा खोला जाता है। बताते चलें कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज परिसर में घुसने के लिए अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के बिल्कुल ठीक किनारे विश्वविद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार गेट नंबर एक स्थित है। इसके अलावा कुमारगंज बाजार से गिरजा मोड़ जोरियम के पास विश्वविद्यालय के प्रवेश का दूसरा गेट स्थित है। इन दिनों कुमारगंज बाजार में विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार गेट नंबर 1 से लगभग 50 मीटर दूर से ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते गेट नंबर 2 पर पहुंचने में लोगों को अपार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इस बीच बीते लगभग 1 वर्ष से विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने एक तुगलकी फरमान देते हुए विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार से आवागमन पूरी तरह बंद किए जाने का निर्देश दे दिया। जिसके बाद से विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मियों क्षेत्रवासी ग्रामीणों सहित आमजन का प्रवेश प्रतिबंधित हो गया है। सबसे मजे की बात तो यह है कि इसी विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय स्टेट बैंक पिठला एवं पंजाब नेशनल बैंक की शाखाएं मौजूद हैं। जिनमें क्षेत्रवासी ग्रामीणों का बैंक खाता स्थित है और उन्हें बैंक से लेनदेन के चक्कर में विश्वविद्यालय परिसर आना जाना पड़ता है। नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज के पिठला, अमावा छीटन सहित अन्य कई गांव के बैंक खाताधारकों को भी विश्वविद्यालय परिसर जाना पड़ता है ,लेकिन अब कुलपति की हठधर्मिता के चलते लगभग 3 किलोमीटर दूरी का लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासी लोगों का कहना है कि आजादी के बाद से स्थापित इस कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार ऐसा हुआ है कि, जब विश्वविद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार ही बंद कर दिया गया हो। यही नहीं विश्वविद्यालय कर्मियों के लिए भी प्रवेश द्वार से विश्वविद्यालय पहुंच पाना कतई संभव नहीं रह गया है। किंतु विश्वविद्यालय के कुलपति का वाहन इसी प्रवेश द्वार से आए दिन गुजरता रहता है जो क्षेत्रवासी लोगों विश्वविद्यालय कर्मियों एवं किसानों को पूरी तरह से अखरने लगा है। सबसे मजे की बात तो यह है कि विश्वविद्यालय का बीज विक्रय केंद्र भी इसी गेट से लगभग 50 मीटर दूर स्थित है, जहां से किसानों को बीज क्रय किए जाने के बाद अपने सिरों पर बीज बोरी लेकर विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार से बाहर अपने खड़े वाहनों पर लादना पड़ रहा है। उनके वाहन भी बीज गोदाम तक पहुंच पाना टेढ़ी खीर हो गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि लिखा पढ़ी में कोई आदेश नहीं मिला है, केवल मौखिक आदेश के तहत गेट बंद किया गया है। आमजन का आवागमन रोका गया है। मुझे चार्ज लेने से पूर्व यही परंपरा मिली थी। मेरे द्वारा भी उसी परंपरा का निर्वाहन किया जा रहा है।

## ईद उल अजहा की नमाज सड़क पर ना होकर अब ईदगाह में ही पढ़ी जाएगी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : जिला प्रशासन की नई गाइडलाइन के मुताबिक ईद उल अजहा की नमाज सड़क पर नहीं होगी जिससे ट्रैफिक व्यवस्था पर असर पड़े और लोगों को परेशानी हो अभी 2 दिन पूर्व ही इस बात को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी अधिकारियों को यह दिशानिर्देश जारी किया था कि हर त्यौहार में सुरक्षा व्यवस्था साफ सफाई बढ़िया तरीके से हो लेकिन इस बात का भी ख्याल रखा जाए की किसी भी कार्य से किसी दूसरे लोगों को परेशानी ना हो इसी बात को ध्यान में रखाते हुए नई गाइडलाइन के मुताबिक अब हर वर्ष होने वाली ईदउल फितर और ईद उल अजहा की नमाज सड़क पर ना होकर अब ईदगाह में ही होगी सड़क पर बड़ी संख्या में नमाज अदा करने की वजह से लोगों को दुश्वारियां और परेशानियां हुआ करती थी और रूट डायवर्जन करना पड़ता था लेकिन इस नई गाइडलाइन से लोगों को मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा नई गाइडलाइन को देखते हुए मस्जिद टाट शाह के इमाम मुफ्ती मोहम्मद शमसुल कमर कादरी अलीमी ने नमाजियों से यह अपील की है की वह अपने मोहल्लों की मस्जिद में नमाज अदा करें और हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईदगाह में नमाज अदा होगी पर सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी नमाजियों की बड़ी संख्या को देखते हुए नमाज को आधे आधे घंटे पर तीन बार नमाज अदा कराई जाएगी पहली नमाज 8/00 बजे दूसरी 8/30 बजे और तीसरी 9/00 बजे ईदगाह में नमाज अदा होगी इसके अलावा 9/30 बजे मस्जिद टाट शाह में भी ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई जाएगी।

# रामनगरी अयोध्या में रामभक्तों को खूब भा रही महावीर हनुमान की राम रसोई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : रामनगरी अयोध्या में रामभक्तों को खूब भा रही महावीर हनुमान की राम रसोई वहीं महावीर मन्दिर, पटना द्वारा अयोध्या में संचालित सबसे बड़े अन्न क्षेत्र में जून माह में पहुंचे 64 हजार से ज्यादा भक्त, वहीं उत्तर भारत में वैष्णो देवी के बाद महावीर मन्दिर द्वारा सबसे बड़ा अन्न क्षेत्र चलाया जा रहा है। जून महीने में महावीर मन्दिर न्यास द्वारा कुल लगभग सवा लाख लोगों को निःशुल्क भोजन राम रसोई, सीता रसोई और महावीर अस्पतालों में दिया जा रहा निःशुल्क भोजन। रामनगरी अयोध्या में पटना के महावीर मन्दिर की ओर से चल रही राम रसोई रामभक्तों को खूब भा रही है। यहां दिनोंदिन भक्तों की संख्या बढ़ने लगी है। श्री राम जन्मभूमि से सटे अमावा राम मन्दिर परिसर में चल रही इस रसोई में रामभक्तों को 9 प्रकार के व्यंजनों वाला स्वादिष्ट भोजन निःशुल्क दिया जाता है। रामलला का दर्शन करने वाले भक्त यहां दोपहर का भोजन करते हैं। आजकल यहां प्रतिदिन औसतन दो हजार श्रद्धालु भोजन करते हैं। रविवार को यहाँ 3138 भक्तों ने गाय के शुद्ध घी के साथ परोसे जानेवाला प्रसाद ग्रहण किया। बीते जून माह में यह संख्या 64,829 थी। राम रसोई की खासियत यह है कि यहाँ बिहारी स्टाइल में पूछ–पूछ कर भोजन कराया जाता है। अयोध्या के इतिहास में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर इतना नियमित अन्न–क्षेत्र चलाया जाता है। भारतवर्ष के सुदूर देहाती क्षेत्रों, कस्बाई शहरों एवं बड़े शहरों के साथ–साथ विदेशों से आनेवाले रामभक्तों के बीच राम रसोई काफी लोकप्रिय हो चुकी है और महावीर मन्दिर की कीर्ति–पताका दूर देहातों में भी फैल रही है। श्रीराम जन्म भूमि मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के तुरंत बाद 1 दिसंबर 2019 से विधिवत राम रसोई की शुरुआत की गई थी । वहीं दि0 22 जनवरी, 2018 से जनकसुता माता जानकी के प्राकट्य स्थान सीतामढ़ी के पुनौराधाम में भी महावीर मन्दिर न्यास की ओर से सीता रसोई में भक्त निःशुल्क भोजन करते हैं। जून महीने में 4306 भक्तों ने यहां भोजन किया। सीता रसोई में दोपहर और रात्रि दोनों पहर सात प्रकार के व्यंजन परोसे जाते हैं। सिख गुरुद्वारों को छोड़कर उत्तर भारत में वैष्णो देवी के बाद महावीर मन्दिर द्वारा सबसे बड़ा अन्न क्षेत्र चलाया जा रहा है। यह मन्दिर अन्न दान सबसे बड़ा दान की भारतीय संस्कृति की अवधारणा को मूर्त रूप दे रहा है। महावीर मन्दिर, पटना की ओर से जून महीने में कुल लगभग सवा लाख लोगों को निःशुल्क भोजन कराया गया। इसमें राम रसोई, सीता रसोई के अलावा महावीर अस्पतालों में भर्ती मरीजों को निःशुल्क दिया जानेवाला भोजन शामिल है, जबकि महावीर मन्दिर, पटना के सामने भोजन करने वाले दरिद्रनारायणों की संख्या नहीं शामिल की गयी है। महावीर अस्पतालों में 53, 567 मरीजों को निःशुल्क भोजन महावीर मन्दिर न्यास द्वारा संचालित अस्पतालों में भी भर्ती मरीजों को दोनों पहर निःशुल्क भोजन दिया जाता है। मरीजों को सुबह का नाश्ता भी निःशुल्क मिलता है। बीते जून महीने में महावीर अस्पतालों में 53,567 मरीजों को महावीर मन्दिर की ओर से निःशुल्क भोजन कराया गया। सबसे अधिक महावीर कैंसर संस्थान में 47,493 मरीजों को निःशुल्क भोजन दिया गया। महावीर वात्सल्य अस्पताल में 4347 मरीजों ने और महावीर आरोग्य संस्थान में बीते महीने 1727 मरीजों ने निःशुल्क भोजन किया।

# ढाबा होटल और चौराहों पर खड़े वाहन उड़ा रहे पुलिस अधीक्षक के आदेशों की धज्जियां

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोहावल क्षेत्र में हाईवे पर स्थित ढाबों, होटलों व चौराहों पर बेतरतीब खड़े वाहन पुलिस अधीक्षक के आदेश की पूरी तरह धज्जियां उड़ा रहे हैं। पुलिस इसे अनदेखा भी कर रही है। इसका जीता जागता उदाहरण आप रौनाही चौराहे से टोल प्लाजा तक देख सकते हैं, जहां बसें ढाबों और होटलों पर बेतरतीब खड़ी मिल जायेंगी। पिछले दिनों रौनाही थाने में चल रहे समाधान दिवस में पहुचे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल सोनकर ने रौनाही पुलिस को फटकार लगाते निर्देश दिया था कि होटलों–चौराहों पर खड़े हो रहे वाहनों पर पाबंदी लगाई जाए, जिन–जिन होटलों ढाबों के पास पार्किंग की सुविधा नहीं है उसको तत्काल बन्द कराया जाए। इसके साथ ही सड़को पर खुले पेट्रोल बेचने वालों पर भी पाबंदी लगाते हुए कानूनी कार्यवाही की जाये। पुलिस अधीक्षक आदेश की तत्काल सख्ती दिखाई गई और पुलिसकर्मियों ने सड़कों–चौराहों पर घूमकर छोटे दुकानदारों को सड़क की सीमा में आने वाली दुकानों को तुरन्त हटाने की नोटिस थमा दी। लेकिन उसके बाद आज तक इस अभियान की सुधि नहीं ली गइ, जिसके परिणामस्वरूप ढाबों पर इसकी पूरी तरह धज्जियां उड़ाई जा रही है। अगर इसी प्रकार लापरवाही चलती रही तो सरकार की किरकिरी कराना तय है।

# मवई थाने में आयोजित शांति कमेटी की बैठक संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) धार्मिक पर्वो के आयोजनों से समाज मे शांति सौहार्द एवं भाईचारे की भावना को बल मिलता है।सभी धर्मों ने सहिष्णुता तथा आपसी मेल मुहब्बत की शिक्षा दी है। उक्त विचार प्रभारी निरीक्षक मवई नीरज सिंह ने आगामी ईदुलजुहा पर्व को शांति व कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मवई थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में व्यक्त किये।उन्होंने कहा कि आगामी बकरीद पर्व पर सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के हिसाब से ही आप लोग इस पवित्र त्यौहार को मनायें।उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व पर होने वाली कुर्बानी में सिर्फ बकरे और पड़वे की ही कुर्बानी करें। प्रतिबन्धित जानवर की कुर्बानी कदापि न करें।ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।प्रभारी निरीक्षक मवई नीरज सिंह ने त्याग समर्पण और आस्था के पर्व ईदुलजुहा को शांति पूर्वक मनाने की अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी करते समय स्वच्छता का भी ध्यान रखें।कुर्बानी करने के बाद मलबे को घर के अंदर गड्ढा खोद कर उसी में डाल कर मिट्टी से बन्द कर दें।उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे।ईदुलजुहा त्यौहार को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने में यदि कोई व्यक्ति बाधा डालता है तो इसकी सूचना अविलम्ब मुझको दें ताकि समय से उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। शांति कमेटी में उपस्थित भारी भीड़ को देख कर गदगद प्रभारी निरीक्षक ने सभी लोगों को धन्यवाद दिया।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र के सात मदरसों में सामूहिक कुर्बानी की जायेगी।इस अवसर पर एसएसआई राम चेत यादव,बाबा बाजार चौकी इंचार्ज मनोज कुमार,उपनिरीक्षक फरीद खां,मौलाना कामिल खां,महंत सचिदानंद दास,राकेश तिवारी,ग्राम प्रधान मवई अब्बास अली,ग्राम प्रधान मीरमऊ परवेज अहमद उर्फ लाल बाबू,ग्राम प्रधान भवानीपुर दुर्गा प्रसाद,ग्राम प्रधान मत्था नेवादा राजेन्द्र सिंह,ग्राम प्रधान विक्रमा यादव,पूर्व प्रधान मैनुद्दीन,पूर्व प्रधान लियाकत अली खां,पूर्व प्रधान सरफराज खां,फरहान हुसैन खां,राहत अली खां,मो0 अलीम,चन्द्रकुमार कौशल,अशफाक अहमद,पत्रकार मुजतबा खां आदि लोग उपस्थित थे।

# उधार मोबाइल देना दुकानदार को पड़ा महंगा : मिली जान से मारने की धमकी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : अयोध्या के हनुमानगढ़ी के पास मोबाइल की दुकान से 4 साल पहले पुलिसकर्मी का लड़का 20 हजार का मोबाइल खरीद कर ले गया था तथा 5 हजार उधार भी किया था।दुकानदार सुनील गुप्ता द्वारा मोबाइल का बकाया 5 मांगने पर शिवम शर्मा आना कानी करता रहा। दुकानदार सुनील गुप्ता ने जब शिवम शर्मा के पिता परशुराम शर्मा से उनके कहने पर ही मोबाइल देने और उधार पैसा की मांग किया तो परशुराम शर्मा ने फरवरी तक देने का आश्वासन दिया था किंतु दुकानदार को अभी तक कोई भी बकाया पैसा नहीं मिला उलटे 7 जुलाई की रात शिवम शर्मा ने दुकानदार सुनील गुप्ता को ही तमाम भद्दी भद्दी गालियां दी तथा मोबाइल का बकाया पैसा भूल जाने और मांगने पर जानमाल की धमकी भी दिया।घटना की शिकायत सुनील गुप्ता ने पुलिस में दिया है ।सुनील गुप्ता ने बताया कि शिवम शर्मा पैसा हड़प लेना चाहता है। इसके पूर्व भी पैसा मांगने पर मारपीट पर उतारू हुआ था तब 112 की पुलिस ने बीच–बचाव व समझौता कराया था।शिवम शर्मा अपने को पुलिस वाले का लड़का बता कर धौंस जमाता रहता है।

## कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिये कि वसूली में तेजी लायी जाय। विद्युत विभाग द्वारा जो आर0सी0 जारी की गयी है उनकी वसूली के लिए विद्युत विभाग नियमानुसार तहसीलों को वाहन उपलब्ध कराये तथा राजस्व एवं विद्युत विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विद्युत वसूली में अभियान चलाया जाय। इसी प्रकार अन्य देयो की वसूली के लिए प्रति अमीन 5 लाख की वसूली का लक्ष्य दिया गया था, जो रेगुलर अमीनों द्वारा वसूली की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि इसकी तहसीलवार समीक्षा की जाय और जिस अमीन की वसूली कम हो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाय। प्रत्येक तहसील के 10 बकायेदारों से वसूली की भी समीक्षा की गयी। बैठक में तय किया गया कि ऐसे बकायेदारों से प्रतिमाह निर्धारित धनराशि वसूल होती रहे इसके लिए प्रयास किया जाना आवश्यक है। बैठक में खनन विभाग की राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने खनन अधिकारी को निर्देश दिया कि सड़कों के किनारे सरकारी भूमि पर जो अवैध बालू डम्फ किये गये है उनकी जप्तीकरण कर उसका आगणन कराकर नीलामी की कार्यवाही की जाय। बैठक में भू–राजस्व, बैंक देय, विद्युत देय, वाणिज्य कर, परिवाहन, स्टाम्प देय आदि की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान अयोध्या मणिपर्वत के साथ अन्य स्थानों पर जगह–जगह काफी समय से गड्ढे खुदे हुये है जिससे राहगीरों व वहां के स्थानीय निवासियों को परेशानी के साथ साथ हो रही दुर्घटनाओं को संज्ञान में लेते हुये जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देश दिये है कि जलनिगम, नगर निगम एवं विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरीक्षण करें और सम्बंधित कार्यदायी संस्था के विरूद्व 133 की कार्यवाही की जाय। बैठक में सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।